तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 17 मई 2025

10 कैबिनेट को पद-गोपनीयता व कर्तव्यनिष्ठा की शपथ...



10 पेयजल-सीवरेज के सभी कनेक्शन होंगे नियमित



## खबर संक्षेप

### गाड़ी के फर्जी कागजात थमा हडपे साढ़े 14 लाख

**जींद।** गाड़ी की सौदेबाजी कर साढ़े 14 लाख रुपये हडपने पर अलेवा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव डाहौला निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव बडनपुर मोहाली (पंजाब) निवासी जसप्रीत से गत 25 जनवरी को टाटा फोरच्यूनर गाड़ी साढ़े 14 लाख रुपये में खरीदी थी।

### कार की चपेट में आने से पांच वर्षीय बच्ची घायल

**कैथल।** गांव बाता में गाड़ी के नीचे आने से 5 वर्षीय बच्ची घायल हो गई। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया है। बाता की बबली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सात मई को जब उसकी 5 वर्षीय बेटी गली में खड़ी थी तो पड़ोस में आए रिश्तेदार सूरजपुर अंबाला के मांगाराम ने गाड़ी को पीछे करते समय अपनी गाड़ी को उसकी बेटी के ऊपर चढ़ा दिया।

### रंजिशन हमला करने पर 11 के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** डाहौला में रंजिशन हमला कर घायल करने पर अलेवा थाना पुलिस ने सात लोगों को नामजद कर चार अन्य खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव डाहौला निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले अशोक व उसके परिजनों ने उसके बेटों को चोटें मारी थी।

### साइबर ठगों ने 60 हजार की राशि ठगी

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने फेसबुक पर ऑनलाइन दोस्ती कर 40000 की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। ऋषि नगर कैथल के गुरमीत सिंह ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 10 मई 2025 को एक व्यक्ति ने उसके दोस्त की ऑनलाइन फेसबुक आईडी बनाते हुए उसे बातों में बहला फुसला कर 40000 की धोखाधड़ी कर ली।

### दो भाइयो को घायल करने पर 5 के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव घसोखुर्द में कार सवार युवकों ने स्कूटी सवार दो भाइयों पर हमला कर घायल कर दिया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो युवकों नामजद कर तीन अन्य पर मामला दर्ज किया है। गांव घसोखुर्द निवासी नवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भाई विजय के साथ स्कूटी से अपने घर जा रह था।

### चेक से चार लाख की धोखाधड़ी का केस दर्ज

**कैथल।** थाना शहर कैथल पुलिस ने चेक के माध्यम से चार लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के रूप में यूनियन बैंक आफ इंडिया आरकेएसडी शाखा के प्रबंधक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में खुराना रोड कैथल के राजकरण ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने 30 अप्रैल 2025 को 400000 का एक चेक जो उसे खुराना रोड कैथल के दीपक ने दिया था।

### ऑनलाइन टास्क देकर 8.45 लाख रुपये ठगे

**जींद।** साइबर ठगों ने परचून दुकानदार को ऑनलाइन टास्क देकर आठ लाख 45 हजार 493 रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भारत नगर निवासी सुनील ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### वक्फ बोर्ड की भूमि से मिट्टी उठवाने पर केस

कैथल। थाना गुहला पुलिस ने वक्त बोर्ड की जमीन से मिट्टी उठवाने के आरोप में शादीपुर के सरपंच सहित चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला वक्फ बोर्ड के एस्टेट ऑफिसर की शिकायत पर दर्ज किया गया है। वक्फ बोर्ड के अस्टेट ऑफिसर नसीब अहमद ने गुहला पुलिस को शिकायत दी है।

# खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबरः एकलव्य स्टेडियम में 9.75 करोड़ रुपये की लागत से बिछेगा सिंथेटिक ट्रैक

*डिप्टी स्पीकर के प्रयासों से सिंथेटिक ट्रैक बिछाने का कार्य*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद के खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी है। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रयासों से एकलव्य स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बिछाने के कार्य की शुक्रवार से शुरूआत हो गई है। डिप्टी स्पीकर ने नारियल फोड़ कर सिंथेटिक ट्रैक बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया। सिंथेटिक ट्रैक बिछाने पर लगभग 10 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इस सिंथेटिक ट्रैक के बनने से खिलाडियों को प्रेक्टिस के लिए दूसरे जिलों का रूख नही करना होगा। अभी स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक नहीं होने के कारण खिलाडियों को दौड़ के लिए 45 किलोमीटर दूर नरवाना जाना पड़ता था।

### राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे : डा. मिड्ढा

डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जिला मुख्यालय पर सिंथेटिक ट्रैक न होने से खिलाड़ियों को दौड़ की प्रैक्टिस करने के लिए नरवाना, रोहतक या अन्य जिलों में जाना पड़ता था। अब खिलाड़ियों को यह सुविधा जींद में ही मिल जाएगी। सिथेटिक ट्रैक बिछने से जींद में प्रैक्टिस करके राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो सकेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों के ज्यादा मेडल आएंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि खिलाड़ियों को प्रैक्टिस के दौरान इंजरी भी कम आएगी। सिंथेटिक ट्रैक की सुविधा मिलने से खिलाड़ी बेहतर तरीके से प्रैक्टिस कर पाएंगे। संबंधित एजेंसी द्वारा तय समय में सिंथेटिक ट्रैक बिछाया जाएगा। इसमें सब बेस, स्प्रिंकलर सिस्टम, प्राकृतिक घास, फुटपाथ और बाड़ लगाने सहित 400 मीटर आठ लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक शामिल हैं।



**जींद।** सिंथेट्रिक ट्रैक निर्माण कार्य की शुरूआत करते डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा।

**दो साल पहले पूर्व सीएम से दिलवाई थी मंजूरीः** दो साल पहले नप चुनाव से पहले जींद से भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल से एकलव्य स्टेडियम में खिलाडियों की सुविधा के लिए सिंथेटिक ट्रैक बनवाने की बात कही थी। जिसे तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा मान लिया गया था और सिंथेटिक ट्रैक बनाने की घोषणा की थी। एकलव्य स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बिछाने के लिए नगर परिषद द्वारा टेंडर लगाया गया था। सिंथेटिक ट्रैक बिछाने में नौ करोड़ 75 लाख, 45167 रुपये का अनुमान था। जिसे डिप्टी स्पीकर द्वारा मंजूरी दिलाई गई है।

### ये होगा सिंथेटिक ट्रैक का प्रारूप

400 मीटर के इस सिंथेटिक ट्रैक की चौड़ाई करीब 12 फीट रहेगी। जिला मुख्यालय पर भी सिंथेटिक ट्रैक की सुविधा मिलने से खिलाड़ी बेहतर तरीके से प्रैक्टिस कर पाएंगे। अभी नरवाना के नवदीप स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक है, जहां जींद के खिलाडियों को अभ्यास करने के लिए नरवाना जाना पड़ रहा है। अब यहां सिंथेटिक ट्रैक बिछने से खिलाड़ी अच्छे से प्रैक्टिस कर पाएंगे। सिंथेटिक ट्रैक पर खिलाड़ी दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक और शॉटपुट जैसे खेल का अभ्यास करते हैं। सिंथेटिक ट्रैक पर मिट्टी की सतह की अपेक्षा चोट लगने की कम संभावना रहती है। सिंथेटिक ट्रैक पर अभ्यास करने से खिलाडियों की तकनीक में भी सुधार आता है।

## डीजी हेल्थ ने किया नागरिक अस्पताल का निरीक्षण

# इलाज के लिए आने वाले मरीजों को नहीं होनी चाहिए दिक्कतः डॉ. बिरला

*मरीजों को दिए जाने वाले स्पेशल वार्डों की जांच की*

शौचालयों की सफाई व्यवस्था को देखा, खामियों को तुरंत दूर करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार स्वास्थ्य विभाग कार्यरत है। इसी के चलते नागरिक शुक्रवार को डीजी हेल्थ डा. अनिल बिरला पहुंचे और मरीजों को निकट भविष्य में उपलब्ध करवाए जाने वाले प्राइवेट रूम को जांचा। साथ ही शौचालयों को भी देखा। निरीक्षण से पहले डा. अनिल बिरला ने ट्रेनिंग सेंटर में कायाकल्प असेसमेंट को लेकर बैठक की। सवा घंटे तक चली बैठक में डा. बिरला ने स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर दिशा-निर्देश दिए और कहा कि अस्पताल को जिस भी चीज की जरूरत है, उसका तुरंत प्रभाव से अस्टीमेट तैयार करवा कर मुख्यालय भिजवाया जाए। सुविधाओं के अभाव में मरीजों को किसी तरह की परेशानी नही आने दी जाए। डा. बिरला ने निरिक्षण के दौरान नागरिक अस्पताल के सभी शौचालयों की सफाई व्यवस्थाओं का देखा। जहां सफाई रही और कमियां रही, उन्हें तुरंत दुरूस्त करवाने के लिए सिविल सर्जन से व संबंधित अधिकारीगण को कहा ताकि किसी को भी अव्यवस्था नही हो। इस मौके पर सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली, डिप्टी सिविल सर्जन डा. पाले राम, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, एमएस डा. अरविंद, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल आदि मौजूद रहे। नागरिक अस्पताल में मरीजों को प्राइवेट रूम भी उपलब्ध होंगे। यह रूम निजी अस्पतालों के रूम को मात दें सकें, इस पर कार्य किया जा रहा है। नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के तीसरे तल पर पांच स्पेशल वार्ड हैं। इन स्पेशल वार्डों की जांच के लिए डीजी हेल्थ ने दौरा किया और तैयारी को देखा। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल में अन्य सुविधाओं की जांच की।



**जींद।** स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक करते डीजी हेल्थ डा. अनिल बिरला।

### सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद

उन्होंने मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए चिकित्सकों के साथ बैठक की। इसमें मरीजों व उनके तामीरदारों से अच्छा व्यवहार करना और मरीज का हौसला बढ़ाने की सलाह दी। इसके अतिरिक्त अस्पताल में जिन संसाधनों की कमी है, उनको पूरा करवाने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में इमरजेंसी व पुराने भवन का दौरा भी किया। अस्पताल में डीजी हेल्थ के आने की पूर्व में सूचना होने के चलते सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर दी थी।

### विश्व डेंगू दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

विश्व डेंगू दिवस पर शनिवार को कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनकी अध्यक्षता सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली और डिप्टी सिविल सर्जन मलेरिया डा. बिजेंद्र ढांडा ने की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक डा. अनिल बिरला ने खास तौर पर शिरकत की। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने सभी कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए कि धरातल स्तर पर लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक करने का कार्य करेंगे और वीबीडी के नियंत्रण हेतु जागरुकता बढ़ाने के लिए आईईसी एक्टिविटी बढ़ाने, मच्छरों की ब्रीडिंग को रोकने हेतू एंटी लारवल और सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी बढाने की बात कही।

# सजुमा में सिर-चेहरे पर ईंटों से वार कर मजदूर को उतारा मौत के घाट

- पुलिस प्रशासन से आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत थाना क्षेत्र के गांव सजुमा में सिर व चेहरे पर ईंटों से कई बार वार कर युवा मजदूर की हत्या का मामला सामने आया है। ग्रामीणों द्वारा 112 पर डायल किए जाने पर थाना प्रभारी जय भगवान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों से पूछताछ करने उपरांत शव को कब्जे में लेकर जिला नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक की पहचान 36 वर्षीय जयपाल के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई कर्मचंद की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि जयपाल अविवाहित है। वह अपनी विधवा माता के साथ रहकर गांव में मजदूरी का कार्य करता था। 15 मई को वह घर से निकला था। रात को भी वह घर नहीं आया। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे पड़ोसियों से सुचना मिली कि जयपाल का शव गांव अड्डे के पास पड़ा है। मौके पर जाकर देखा तो उसके चेहरे व सिर पर चोटों के गहरे निशान थे। कर्मचंद ने पुलिस को इस घटना के लिए गांव के दो लोगों की जानकारी दी है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।



**कलायत।** गांव सजूमा निवासी जयपाल के शव को लेकर छानबीन करती टीम।

### दो के खिलाफ मामला दर्ज

थाना प्रभारी जय भगवान ने बताया कि सुचना मिलते ही वे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजनों व ग्रामीणों पूछताछ कर शव को कब्जे में लिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल भेजकर गहनता से कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में कर्मचंद की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## ग्राम सचिव सरपंच पर किया हमला चार के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** गांव सुरबुरा में नहरी पानी छुडवाने पहुंचे ग्राम सचिव, गांव के सरपंच तथा उसके साथी पर कुछ लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। आरोपितों ने सरपंच के फोन को भी तोड़ डाला। उचाना थाना पुलिस ने ग्राम सचिव की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने, तोडफ्रोड़ करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव सुरबुरा के ग्राम सचिव कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले गांव में नहरी पानी की बोली हुई थी। वह गांव का सरपंच कृष्ण तथा रविंद्र के साथ पानी छुड़वाने पहुंचा था। उसी दौरान पाल का बेटा मोर अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचा और हमला कर कर दिया। जिसमें उसे, सरपंच कृष्ण तथा रविंद्र को चोटें आई। आरोपितों ने मारपीट के दौरान वीडियो बना रहे रविंद्र से फोन छीन कर उसे तोड़ डाला। उचाना थाना पुलिस ने ग्राम सचिव कुलदीप की शिकायत पर पाल के बेटे, उसकी पत्नी मायावती, भानी की बेटी तथा मिट्ठ के खिलाफ मारपीट करने, तोडफ्रोड़ करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अनुपस्थित रहने पर तीन अधिकारियों को नोटिस

- हर शुक्रवार को समीक्षा बैठक में स्वयं भाग लेना सुनिश्चित करें विभागाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि सरकार के आदेशानुसार कई तरह की सेवाएं प्राथमिकता के आधार पर दी जा रही हैं। समाधान शिविर, सीएम विंडो ऐसे माध्यम हैं, जहां से आमजन से जुड़ी शिकायतों का निवारण किया जाता है। इसलिए अधिकारी इन माध्यमों से आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें व शिकायतकर्ता से बातचीत करें। उनकी शिकायत को समझें और शिकायत को एक दूसरे विभाग को भेजकर टाल-मटौल की बजाए समाधान की दिशा में काम करें। चाहे इसके लिए दूसरे विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक भी करनी पड़े तो स्वयं पहल कर अधिकारी समस्या का समाधान करवाएं। साथ ही समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में सभी विभागाध्यक्ष स्वयं मौजूद रहें। यदि कोई अधीनस्थ कर्मचारी या अधिकारी को भेजा जाता है तो वह अधिकारी पूरी तैयारी के साथ अपने विभाग का जवाब लेकर पहुंचे। अन्यथा न केवल कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा जाएगा, बल्कि अनुशासनात्मक कार्रवाई की भी सिफारिश की जाएगी। बैठक में न पहुंचने पर जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, जनस्वास्थ्य विभाग, बिजली निगम गुहला, एचएसवीपी, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी डिवीजन-2 को कारण बताओ नोटिस जारी करने के भी निर्देश जारी किए।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम अजय सिंह, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीएसपी बीरभान, डीआरओ चंद्रमोहन, जिला परिषद डिप्टी सीईओ रितु लाठर, डीआईओ दीपक खुराना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



**राजौंद।** गांव किछाना में चेकिंग के दौरान सीएम फ्लाइंग की टीम।

### सीएम फ्लाइंग ने गांव किछाना में की छापेमारी

**राजौंद।** गांव किछाना गुप्तचर विभाग की सूचना पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ता जींद -कैथल की टीम द्वारा सुरेन्द्र कुमार उप जिला शिक्षा अधिकारी, पुरुषोतम शर्मा आकड़ा सहायक व पीयूष कुमार लिपिक के साथ संयुक्त टीम बनाकर गांव किच्छाना में गैर मान्यता प्राप्त प्राईवेट स्कूल जो की एक घर में चलाया जा रहा था पर रेड की गई। चैंकिग के दौरान स्कूल में नर्सरी कक्षा में 30 बच्चे, केजी में 11 बच्चे, पहली कक्षा में 10 बच्चे, दूसरी कक्षा में 05 बच्चे, तीसरी कक्षा में 05 बच्चे, चौथी कक्षा में 03 बच्चे, पांचवी कक्षा में 02 बच्चे कुल 66 विद्यार्थी पाए गए। इस दौरान स्कूल मालिक रमेश कुमार स्कूल की मान्यता से सम्बंधित कोई भी कागजात पेश नही कर सका। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूल मालिक के खिलाफ बिना मान्यता के स्कूल चलाने बारे शिक्षा विभाग के नियमानुसार कार्यवाही करते नोटिस दिया गया तथा स्कूल से संबंधित अन्य रिकॉर्ड कब्जा में ले लिया गया। जिसका मिलान करने उपरांत आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएंगी।

# सीएम फ्लाइंग ने बिना परमिट की बस पकड़ी, किया इम्पाउंड

- नरवाना-किठाना मार्ग पर चल रही थी बस, साढ़े 28 हजार जुर्माना ठोका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग तथा आरटीए की संयुक्त टीम ने नरवाना-किठाना बिना परमिट की निजी बस को काबू कर उसे इम्पाउंड किया है। आरटीए विभाग ने बस मालिक को साढ़े 28 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। आगामी कार्रवाई आरटीए विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि नरवाना-किठाना मार्ग पर बिना परमिट की बस चल रही है। जिससे सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। सूचना के आधार सीएम फ्लाइंग सब इंसपेक्टर बिजेंद्र सिंह, सतपाल तथा चरण सिंह की संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम में आरटीए विभाग की तरफ से सन्नी को शामिल किया गया। दोपहर को नरवाना बस अड्डे से किठाना के लिए यात्री लेकर बस को संयुक्त टीम ने रूकवा लिया। बस चालक से रूट परमिट तथा रोड टैक्स के दस्तावेज मांगे गए। जिस पर चालक उन्हें दिखाने मे नाकाम रहा।

# कुरड़ के किसान का बेटा प्रसन्नजीत मलिक ऑस्ट्रेलिया में बना लेफ्टिनेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों क्षेत्र के छोरे भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी प्रतीभा का लोहा मनवाने लगे हैं। इस कड़ी में सफीदों उपमंडल के गांव कुरड़ के किसान दिलावर सिंह का बेटा प्रसन्नजीत मलिक आस्ट्रेलिया सेना में लेफ्टिनेंट बन गया है। उपलब्धि पर गांव ही नहीं पूरे सफीदों क्षेत्र में खुशी की लहर है। दिलावर सिंह के निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा है। गौरतलब है कि अभी 12 मई को ही प्रसन्नजीत ने ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में लेफ्टिनेंट पद की शपथ ग्रहण की है और अब उसकी एक साल तक ट्रेनिंग चलेगी। पिता ने बताया कि उसका बेटा शुरू से ही सेना में भर्ती होकर देश सेवा करना चाहता था। उसने भारतीय सेना में शामिल होने के लिए टैस्ट दिए लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाया। उसने भारत में बीटेक की पढ़ाई की। 10 साल पहले वह एमबीए की पढ़ाई के लिए आस्ट्रेलिया चला गया। वहां पर जाने के बाद भी उसका सेना में जाने का जज्बा कम नहीं हुआ और उसने पढ़ाई करते वहां की सेना की परीक्षाओं में हाथ आजमाया। उसने सेना में जाने के लिए वहां पर करीब 10 महीने तक तैयारी की। उसके बाद उसने चार इंटरव्यूह, एक रिटर्न पेपर एक मेडिकल व एक फिजीकल टेस्ट दिया। सब परीक्षाओं में उर्तीण होने के बाद उसका ऑस्ट्रेलिया की सेना में बतौर लेफ्टिनेंट सिलेक्शन हो गया।



### गांव में होगा भव्य स्वागत

पिता का कहना कि बेटे की उपलब्धि पर वे बेहद खुश है और प्रसन्नजीत ने उसके व परिवार के सपनों को पूरा करने का काम किया है। वहीं प्रसन्नजीत मलिक के भाई एडवोकेट लक्ष्य मलिक ने बताया कि एक साल की ट्रेनिंग व ज्वाइनिंग के बाद उसका भाई गांव आएगा तो उसका भव्य स्वागत किया जाएगा।

# कॉलेज में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 19 से खोला जाएगा

- जिले में 17 राजकीय और निजी कॉलेज और विवि समेत यूजी कोर्स में लगभग साढ़े 11 हजार सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीबीएसई और हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद अब कॉलेजों में दाखिले के लिए विद्यार्थियों की भागदौड़ शुरू होगी। इस वर्ष हरियाणा विद्यालय बोर्ड से और सीबीएसई बोर्ड से 15 हजार से अधिक विद्यार्थी पास हुए हैं। जबकि जिलेभर के 17 राजकीय और निजी कॉलेज और विश्वविद्यालय समेत यूजी कोर्स में लगभग साढ़े 11 हजार सीट हैं। वहीं उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा कॉलेज में दाखिले के आवेदन को लेकर ऑनलाइन पोर्टल 19 मई से खोला जाएगा। इसके बाद विद्यार्थी दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर पाएंगे। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने सभी कॉलेजों को पत्र जारी किया है। पत्र में लिखा है कि दाखिले से पहले सभी कॉलेज के प्राचार्य अपने-अपने कॉलेजों का ब्योरा अपडेट करना होगा। इसके बाद से सभी कॉलेज अपनी डिटेल अपडेट करने में लगे हुए हैं। कॉलेजों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क भी लगाए जाएंगे। गौरतलब है कि सभी कॉलेजों के प्राचार्य पत्र मिलने के बाद कॉलेज की डिटेल पोर्टल पर अपलोड कर रहे हैं।

### ऑनलाइन टास्क दे तीन लाख नौ हजार का चूना

**जींद।** साइबर ठगों ने प्राइवेट स्कूल के अध्यापक को ऑनलाइन टास्क पूरा करने पर अच्छा मुनाफा दिखा तीन लाख नौ हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भिवानी रोड निवासी देवेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत सात मई को उसके व्हाट्सअप पर संदेश आया। जिसमें बताया कि उनकी कंपनी का पोर्टल है। जो प्रोग्राम उस पर आते हैं, उसकी रेटिंग करनी है। जिसके बाद उसे टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा गया। गत 15 मई तक वह आरोपितों के खाते में तीन लाख नौ हजार 45 रुपये जमा करवा चुका था। आरोपितों ने उसकी जो अकाउंट बनाया था, उसके वायलेट में राशि का निवेश करने के साथ मुनाफा दिखाया जा रहा था।

## खबर संक्षेप

### कूप तूड़ी के जले, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

जींद। गांव बागडू कलां में आग लगने से 18 कूप तूड़ी के जलकर राख हो गए। कूप मालिक की शिकायत पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज किया है। गांव बागडू कलां निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने 18 कूपों में तूड़ी का भंडारण किया था। रात को किसी व्यक्ति ने उनमें आग लगा दी।

### अश्लील वीडियो वायरल करने पर शिकायत दर्ज

जींद। उचाना थाना इलाका गांव में महिला की अशील वीडियो बना महिला के पास भेजने तथा सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधा पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। उचाना थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया किसी ने नहाते समय उसका वीडियो बना लिया था।

### विवाद लोक अदालतों के माध्यम से निपटाएं

जींद। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राज्य में जिलास्तर पर न्यायिक परिसरों में जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित लोक अदालतों का गठन किया है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका ने बताया कि स्थाई लोक अदालतों में पोस्टल आवास एवं संपदा जन स्वच्छता शिक्षा से संबंधित विवादों का बिना खर्च के गुण व दोष के आधार पर शीघ्र निपटारा किया जाता है।

### सरकारी स्कूलों के टूटे ताले, सामान चोरी

जींद। जिले में चोरों ने बीती रात किड़्स प्ले स्कूल तथा सरकारी स्कूल के ताले तोड़ कर हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। शिकायतों के आधार पुलिस ने चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पोपडा निवासी महेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सेक्टर 11 के निकट प्ले स्कूल में चौकीदार के पद पर डयूटीरत है।

### मजदूर को बंधक बना कर पीटा, मामला दर्ज

जींद। गांव बेलरखां में मजदूर को बंधक बना मारपीट करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बेलरखां निवासी गुलाब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव के ही राजेश के पास एक साल के लिए 12वें हिस्से पर सांझेदार लगा हुआ था। अवधी पूरी होने पर वह राजेश के पास हिसाब-किताब करवाने गया था।

### महिला से मारपीट करने पर पति समेत तीन नामजद

जींद। गांव कोयल में पत्नी से मारपीट करने पर गढ़ी थाना पुलिस ने हवलदार पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कोयल निवासी सुदेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति राजेश हरियाणा पुलिस में हवलदार के पद पर कार्यरत है। उसकी शादी वर्ष 2017 में हुई थी। उसके पति के दूसरी महिला के साथ अवैध सबंध है।

### कवि सम्मेलन में शहीदों को नमन किया

जींद। हिन्दी साहित्य प्रेरक संस्था जींद के द्वारा अमर शहीद सुखदेव के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें हरियाणा के कोने-कोने से जुड़े कवियों ने देशभक्ति की रचनाओं से भाव-विभोर कर दिया। मंच संचालन कवयित्री शकुंतला काजल शकुन ने बड़े ही कुशलता से करते सभी कवियों का उत्साहवर्धन किया।

### कर्मियों ने क्रमिक भूख हड़ताल की

नरवाना। नगर परिषद नरवाना में क्रमिक भूख हड़ताल की गई। इस क्रमिक भूख हड़ताल की अध्यक्षता जिला प्रधान जगदीश बुम्बक ने की। जिला प्रधान ने कहा कि सरकार हमारी मांगों की अनदेखी कर रही है। यदि सरकार का यही रवैया रहा तो आने वाले समय में आंदोलन और तेज होगा। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## इंडस ग्लोबल अकादमी में कैबिनेट शपथ समारोह

# कैबिनेट को पद-गोपनीयता व कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना के प्रांगण में 2025-26 सत्र के लिए स्कूल कैबिनेट का चुनाव किया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में ग्रुप डायरेक्टर सुभाष श्योराण, ग्रुप कोऑर्डिनेटर प्रवीन परूथी, इंडस पब्लिक स्कूल की निदेशिका रचना श्योराण व प्राचार्या अरूणा शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ सुभाष श्योराण, प्रवीन परूथी, रचना श्योराण एवं अरूणा शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथियों के द्वारा नई कैबिनेट को विधिवत पद, गोपनीयता एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कैबिनेट में कक्षा 12वीं के छात्र आर चरन को हेड ब्वाय, कक्षा दसवीं के छात्रा नैन्सी को हैड गर्ल के रूप में शपथ दिलाई गई। कक्षा दसवीं से कुशल को सहायक हैड ब्वाय और कक्षा नौवीं से विमुधा को सहायक हैड गर्ल के रूप में शपथ दिलाई गई। अनुशासन हेड कक्षा दसवीं से धीरज, सहायक अनुशासन हेड गर्ल अंशिका, सांस्कृतिक सचिव लक्षिता, सहायक सांस्कृतिक सचिव पावनी, सीनियर एसेंबली समन्वयक वंशिका, सहायक एसेंबली समन्वयक मानवी, सीनियर खेल सचिव हर्ष, सहायक खेल सचिव शालू, एनर्जी सेविंग समन्वयक यश और देवांश, स्वच्छता समन्वयक रितिक और हर्षिका ने शपथ ग्रहण की। अरावली सदन से कैप्टन हार्दिक, वाइस कैप्टन नमन, नीलगिरी सदन से कैप्टन तनीषा, वाइस कैप्टन रिक्की, शिवालिक सदन से कैप्टन अनुज, वाइस कैप्टन मयंक व विंध्या सदन से कैप्टन रीतिका व वाइस कैप्टन विकास ने शपथ ग्रहण की। इस प्रकार 24 सदस्यों को अपने-अपने पद की गरिमा और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने बच्चों को पट्टिकाएं प्रदान की एवं बैज लगाए। इस दौरान विद्यालय में लघु सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। मंच का संचालन कक्षा नौवीं की छात्राओं बरखा और पारुल ने किया। इस शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर प्राचार्या अरूणा शर्मा ने कहा कि आज के युग में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी अलग पहचान बनानी भी आवश्यक है। जीवन में बहुत सारे ऐसे अवसर आते हैं, जिसका लाभ उठा कर बच्चे सफलता की सीढ़ी चढ़ सकते हैं। बच्चों के नेतृत्व की योग्यता और निर्णय लेने की क्षमता के विकास के लिए छात्र कैबिनेट का गठन किया जाता है। इससे बच्चों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए एकाग्रता व तन्मयता की बहुत आवश्यकता होती है। इंडस पब्लिक स्कूल जींद की निदेशिका रचना श्योराण ने बताया कि किसी भी बच्चे में हीन भावना नहीं होनी चाहिए। क्योंकि मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। यदि मन जीत जाता है तो हम अंतरराष्ट्रीय स्तर तक विजय प्राप्त कर सकते हैं। इंडस ग्रुप डायरेक्टर सुभाष श्योराण ने अपने संबोधन में इस टीम को प्रेरित करते हुए कहा कि इस मंच पर खड़े हर छात्र, छात्रा ने न केवल अपने प्रदर्शन से बल्कि अपने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सहयोग भावना से यह पद अर्जित किया है। आप सभी विद्यालय के आदर्श प्रतिनिधि हैं। आज से आप न सिर्फ अपने लिए बल्कि समस्त छात्रों के लिए एक मार्गदर्शक बनेंगे। शपथ केवल शब्द नहीं होते बल्कि ये एक वचन होता है। एक वादा जो आप अपने स्कूल, अपने गुरुजनों और साथियों से करते हैं कि आप सच्चाई, निष्ठा, अनुशासन व कर्तव्यपरायणता से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। याद रखिए एक अच्छा नेता वही होता है जो पहले अच्छा श्रोता, सहयोगी और कर्मठ होता है।



जींद। बैज लगाते इंडस निदेशक सुभाष श्योराण। फोटो :हरिभूमि

### अनुशासन का बहुत महत्व

निदेशक प्रवीन परूथी ने कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानीयजनों का धन्यवाद किया और सभी बच्चों को बताया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन का बहुत महत्व है। उन्होंने बच्चों में अनुशासन में रहकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की सीख दी। कार्यक्रम के अंत में हेडमास्टर जेएस सारंग ने सभी अतिथियों, प्रतिभागी विद्यार्थियों व अध्यापकों को धन्यवाद प्रेषित किया।

# मुख्यमंत्री के नायाब फैसलों से इतिहास के पन्नों पर होगा उनका नाम दर्ज : एडवोकेट पुष्पा तायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। डा. पुष्पा तायल।

भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एडवोकेट पुष्पा तायल ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी अपने नायब फैसलों की वजह से हर वर्ग को लाभान्वित कर रहे हैं। नायब सरकार जनहित में नई नई नीतियां बना कर प्रदेश का चहुंमुखी विकास करवा रही है।

प्रदेश सरकार ने एचएसएससी के माध्यम से होने वाली ग्रुप डी की भर्ती में 7596 पदों में से डीएससी और ओएससी के लिए 1209 पदों को आरक्षित कर ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जो कि स्वागत योग्य है। पारदर्शी तरीके से बिना खर्ची पर्ची के भर्तियां की जा रही हैं। जिससे प्रदेश के गरीब व्यक्ति के घरों में चूल्हे जल रहे है व उनका अच्छी तरह से परिवार का गुजारा चल रहा है। तायल ने कहा कि नायब सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कटिबद्ध है व सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं बना कर उनको धरातल पर लागू करवा रही है। सरकार किसानों, व्यापारियों, कर्मचारियों, महिलाओं के कल्याण के लिए दिन प्रतिदिन योजनाएं बना कर उनको लागू कर रही है। तायल ने कहा नायब सैनी के इन्ही कल्याणकारी योजनाओं के कारण हरियाणा की जनता उनको सदियों तक याद रखेगी व उनका नाम इतिहास के पन्नो में दर्ज होगा। इसमें कोई संदेह नही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी बहुत मिलनसार व खुशमिजाज व्यक्ति हैं व उनके इन्हीं गुणों के कारण देश के प्रधानमंत्री बार बार उनकी तारीफ कर चुके हैं। मुख्यमंत्री दरबार में कोई भी व्यक्ति उनसे किसी भी समय मिल सकता है, जो कि अब से पहले संभव नहीं था।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों ने प्रस्तुत किए मनमोहक कार्यक्रम

जींद। मां वह शब्द है, जिसमें दुनिया का सारा प्यार समाहित है। इस ममता को सम्मान देने के लिए इंडस पब्लिक स्कूल (जूनियर विंग) में पूरे सप्ताह हर्षोल्लास भरे कार्यक्रम आयोजित किए गए। निदेशिका रचना श्योराण, प्राचार्या अरुणा शर्मा और उप प्राचार्य प्रवीण कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मां के प्रति सम्मान व कृतज्ञता को व्यक्त करने के लिए कई दिलचस्प गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें मदर्स ने अपने बच्चों के साथ मिल कर पूरे दिन को खास बना दिया। कार्यक्रम में मदर्स और बच्चों ने मिल कर फैब्रिक पेंटिंग व पोस्टर मेकिंग एक्टिविटी की। अथॉरिटी ने इस एक्टिविटी का अवलोकन करते मदर्स की क्रिएटिविटी की बहुत प्रशंसा की। रंग बिरंगी व सुंदर-सुंदर वेशभूषा पहने मदर्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का भी मौका मिला। बेस्ट कॉस्ट्यूम, डांस और रैम्प वॉक के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। प्राचार्या अरुणा शर्मा ने मदर्स से आग्रह किया कि मां ही बच्चों की पहली मार्गदर्शक होती है।

### सुपर 100 में जिले के 43 विद्यार्थियों का चयन

जींद। सुपर 100 में जिले के 43 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इन विद्यार्थियों को कुरुक्षेत्र में 11वीं और 12वीं कक्षा में नीट और जेईई मींस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी। 25 मई को दाखिला प्रक्रिया होगी। चयनित विद्यार्थियों को सुबह दस बजे तक कुरुक्षेत्र पहुंचना होगा। विद्यार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड और उसकी दो प्रति, अभिभावकों के आधार कार्ड और प्रति, तीन पासपोर्ट साइज फोटो, अभिभावकों के दो पासपोर्ट साइज फोटो, सुपर 100 लेवल 2 पास करने वाला प्रिंट कलर, स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट, कैटेगरी सर्टिफिकेट, परिवार पहचान पत्र, बैंक पासबुक की प्रति साथ लेकर जानी होगी। इसके अलावा होस्टल में हरने के लिए कपड़े, बैड शीट, तकिये सहित अन्य सामान लेकर जाना होगा। गौरतलब है कि सुपर 100 लेवल 2 की परीक्षा 28 अप्रैल से सात मई तक तीन बैच में आयोजित की गई थी।

### आपदा से बचाव के गुर सिखाए

जींद। एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कहा कि सिविल डिफेंस प्रशिक्षण का उद्देश्य व्यक्तियों को प्राकृतिक आपदाओं और मानव निर्मित घटनाओं सहित आपात स्थितियों के दौरान खुद को, अपने परिवार और अपने समुदायों की रक्षा करने के लिए कौशल और ज्ञान से लैस करना है। एसडीएम सत्यवान सिंह मान शुक्रवार को राजकीय ब्वायज कॉलेज के परिसर में आयोजित प्राथमिक चिकित्सा व सिविल डिफेंस प्रशिक्षण में आए प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित कर रहे थे। एसडीएम ने कहा कि जिले के कॉलेजों और स्कूलों में प्राथमिक चिकित्सा व सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में रेडक्रास सोसायटी जींद, अग्निशमन विभाग, होमगार्ड विभाग सहित अन्य विभागों के सहयोग से राजकीय कॉलेज जींद में प्राथमिक चिकित्सा व सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।



जींद। आपदा के दौरान बचाव के गुर सिखाते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यशाला में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पंचायती राज अधिनियमों की दी जानकारी

जींद। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान निलोखेड़ी द्वारा जिला के वर्तमान सरपंचों को पंचायती राज अधिनियम विषय पर तकनीकी जानकारी देने के उद्देश्य से गत 28 अप्रैल से चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला परिषद के सीईओ अनिल दून ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जिला परिषद के सीईओ अनिल कुमार दून ने जिला के सरपंचों से कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सरपंचों व अन्य पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को पंचायती राज अधिनियम के विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी देना है। इसके अलावा पंचायत संचालन, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, डिजिटल साक्षरता एवं प्रशासनिक दक्षता के विषयों में प्रशिक्षित करना है।

### शिक्षण के साथ कार्य कौशल सीखना जरूरी

जींद। छोटू राम किसान महाविद्यालय में इंटर्नशिप कार्यशाला का आयोजन किया। एनईपी 2020 के अंतर्गत कॉलेज के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप हेतु एडब्ल्यूएल मेटावर्स के डायरेक्टर राकेश तथा चौधरी रणवीर सिंह यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर ने विद्यार्थियों को आज के डिजीटल युग में कंप्युटर की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। कंप्यूटर हमारी रोजमर्रा का एक हिस्सा बन चुका है। चाहे हम व्यवसाय करें या नौकरी, अध्यापन हो या अधिगम। इसलिए शिक्षण के साथ-साथ कार्य कौशल सीखना अति आवश्यक है। हर किसी को सरकारी नौकरी नही मिल सकती लेकिन कंप्यूटर के विभिन्न कोर्स बहुत से स्व व्यवसाय शुरु करने और घर रहकर भी अत्यधिक कमाने का जरिया बन सकते हैं। जैसे वीडियो एडिटिंग ग्राफिक डिजाइनिंग, साइबर सुरक्षा इत्यादि।



जींद। कार्यशाला को संबोधित करते हुए राजकुमार भोला।



समाधान शिविरों में आई शिकायतों की समीक्षा करते डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

### आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लें

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने आमजन की शिकायतों को सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता से लेते उसका निवारण करें। समाधान शिविर के सभी कार्य समयबद्ध होने चाहिए और रिओपन हुई शिकायतों पर तुरंत की गई कार्यवाही यानी एटीआर डालना सुनिश्चित करें। पोर्टल का समय-समय पर रिव्यू करते रहें। कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। समाधान प्रकोष्ठ पर अ तक कुल 9230 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें से 7495 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। वर्तमान में 424 शिकायतें लंबित हैं। जबकि 155 शिकायतें रिओपन की हैं। इन सभी लंबित और रिओपन शिकायतों का सम्बन्धित विभाग जल्द निवारण करें। डीसी मोहम्मद इमरान रजा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर की समीक्षा बैठक ले अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।



जींद। डीसी को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। फोटो :हरिभूमि

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा मांगपत्र

जींद। जींद जिले के अधिवक्ताओं ने विशाल खटकड़ वकील उपप्रधान जिला बार एसोसिएशन जींद के नेतृत्व में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा से मुलाकात करते हुए एक ज्ञापन सीएम के नाम सौंपा। एडवोकेट देशराज सरोहा ने कहा हरियाणा प्रदेश के काफी जिलों के लघु सचिवालय में भारतरत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर का आदम कद स्टैच्यू लगा हुआ है। जिला जींद के भी अधिकांश अधिवक्तागण यह चाहते हैं कि जींद के लघु सचिवालय में भी भारतरत्न बाबा साहब डा. अम्बेडकर का आदम कद स्टेच्यू लगाया जाए। उपयुक्त ने ज्ञापन पत्र लेकर कहा कि आपका ज्ञापन पत्र मुख्यमंत्री को भेज दिया जाएगा। धर्मवीर भुक्कल, ज्योति यादव, अमनदीप मेहरा, मनजीत कौर, राकेश भुक्कल, सुनील बामनिया, राहुल भुक्कल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# वीर पृथ्वी राज चौहान युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत : चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



वीर योद्धा पृथ्वीराज चौहान को नमन करते हुए।

बार एसो जींद द्वारा जींद कोर्ट में वीर हिन्दू योद्धा पृथ्वी राज चौहान की जयंती मनाई। कार्यक्रम में जयति-जयति हिंदू महान संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अतुल चौहान ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि पृथ्वीराज चौहान को एक देशभक्त हिंदू योद्धा थे। जिन्होंने मुस्लिम दुश्मनों के खिलाफ लड़ाई लड़ी लेकिन कभी पराजय और इस्लाम को स्वीकार नहीं किया। गौरी राजवंश के शासक मोहम्मद गौरी के प्रारंभिक आक्रमण को भी रोका था और इन लड़ाइयों में पृथ्वीराज चौहान ने मोहम्मद गौरी को 17 बार हराया था। कुछ समय बाद गाय को आगे कर युद्ध में मोहम्मद गौरी ने धोखे से पृथ्वीराज चौहान को बंदी बना लिया और आंखें निकाल दी व सैंकड़ों यातनाएं दी थी। पृथ्वीराज चौहान शब्दभेदी बाण विद्या जानते थे। उनके मित्र चंद्रवरदाई ने उन्हें कविता गाकर प्रेरित किया ओर मोहमद गोरी के उपस्थिति की स्टीक जानकारी दी। जिसको एक ही बाण में मोहम्मद गौरी मार दिया। पृथ्वीराज चौहान के साथ-साथ चंद्रवरदाई को भी याद किया जाता है। पृथ्वीराज चौहान को समर्पित कई स्मारक का निर्माण अजमेर और दिल्ली में किया गया है। अजय चौहान, सुरेश कुमार, ललित, विशाल खटकड़, सुशील गुप्ता, विजय शर्मा आदि मौजूद रहे।



जुलाना। प्रशिक्षण देते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

जुलाना। राजकीय कालेज के सभागार में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर के लिए उपमंडल प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम होशियार सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण शिविर में प्रिंसीपल शमशेर सिंह ने बताया कि किसी भी प्रकार की आपदा के दौरान आमजन की जानमाल की सुरक्षा में सिविल डिफेंस वालंटियर की बहुत बड़ी भूमिका होती है। दो देशों की लड़ाई के दौरान यदि सीमाओं पर सेना हमारी रक्षा करती है तो देश के आंतरिक हिस्सों में प्रशासनिक अमले के साथ में सिविल डिफेंस वालंटियर हमारी मदद करते हैं। ऐसे भी सिविल डिफेंस वालंटियर को जरूरत के समय उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी जरूर होनी चाहिए। मेडिकल ऑफिसर डा. कुंजबिहारी ने आपदा के समय जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

## अवैध कनेक्शन धारकों को नोटिस देकर 15 दिन का दिया समय

# पेयजल-सीवरेज के सभी कनेक्शन होंगे नियमित

- कार्यकारी अभियंता, उपमंडल अभियंता व जिला सलाहकार ने शहर में अभियान चला रही टीमों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

शहर नरवाना में जल व सीवरेज के सभी कनेक्शन नियमित करवाने के लिए विशेष अभियान कार्यकारी अभियंता की देखरेख में शुरू किया गया है। जिसमें अवैध कनेक्शन धारको को नोटिस देकर 15 दिन में कनेक्शन नियमित करवाने को कहा गया है। शुक्रवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नरवाना के कार्यकारी अभियंता गुरमीत सिंह, जिला सलाहकार रणधीर माताना, उप मंडल अभियंता नवीन कुमार मुंडे, उप मंडल अभियंता कुलदीप कुहाड़ व अन्य कनिष्ठ अभियंताओं द्वारा शहर में अभियान चला रही टीमों का निरीक्षण किया। इस मौके पर कार्यकारी अभियंता गुरमीत सिंह ने कहा कि नरवाना शहर में पेयजल के सभी कनेक्शन को नियमित किया जाएगा। इसके लिए शहर में विभाग की तरफ से टीम लगाई है। जरूरत पड़ने पर अन्य टीमों का भी गठन किया जाएगा। शहर में जल व सीवरेज के जो कनेक्शन अवैध हैं, इन अवैध कनेक्शन को काटने के लिए विभाग द्वारा टीमों का गठन किया है। टीम हर घर जाकर जल व सीवरेज के कनेक्शन चेक कर रही है। जिन घरों में कनेक्शन नियमित नहीं है, उन्हें नोटिस देकर 15 दिन में कनेक्शन नियमित करवाने के लिए कहा जा रहा है। इस मौके पर जिला सलाहकार रणधीर माताना ने कहा कि जिला जींद के सभी शहरों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अवैध कनेक्शन धारकों को पहले नोटिस दिया जा रहा है और उसके बाद कनेक्शन काटे जाएंगे। शहर में सीवरेज के बहुत ज्यादा कनेक्शन अवैध हैं। ऐसे कनेक्शन धारक जिन्होंने पेयजल का कनेक्शन सर्विस स्टेशन या सब्जी उगाने के लिए किया हुआ है। ऐसे कनेक्शन धारकों को नोटिस देकर तुरंत कनेक्शन बंद करने के लिए कहा गया है ताकी पेयजल की बर्बादी ना हो। उन्होंने कहा कि नरवाना शहर को लीकेज मुक्त करने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं। इसी प्रयास में शहर में अभियान चला रही टीम द्वारा जहां भी लीकेज नजर आती है, बताया जाता है और विभाग द्वारा उसे तुरंत ठीक किया जा रहा है।



जींद। अभियान की जांच करते टीम। फोटो :हरिभूमि



जींद। डेंगू बुखार को लेकर आमजन को जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सप्ताह में एक दिन सूखा दिवस मनाए

जींद। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से वार्ड 13 सफीदों में स्वास्थ्य कर्मी राकेश कुमार बुरा व सुरेखा ने आमजन को जागरूक करते बताया कि संक्रमित मच्छर एडिज एजिप्टि, मादा एनाफ्लिज व क्युलेक्श नामक के काटने से डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया व जापानी बुखार इत्यादि फैलता है। मच्छरजनित बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए पहली कोशिश हो कि मच्छर ही पैदा न हो जिसके लिए सप्ताह में एक दिन सूखा दिवस मनाएं। पानी एकत्रित करने या होने वाले संसाधनों को खाली कर सुखने उपरांत प्रयोग में लाना सुनिश्चित करें। बरसात के मौसम में अवश्य हमें कबाड़ी का समान बेच देना चाहिए। मच्छरों से बचने के लिए खिड़की दरवाजों पर जालियां लगवानी चाहिए। यह सावधानी रखकर हम मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनियां व जापानी बुखार आदि से बचाव कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### समय पर उठान न होने से पेमेंट अटकी

**गुहला-चीका।** पाई मंडी में उठान न होने के कारण जहां किसानों की करोड़ों की पेमेंट अटकी हुई वही दुसारी ओर आढ़तियों को भी करोडों का चुना लग चुका है। मंडी प्रधान सत्यावान ने बताया कि मंडी में किसानों की गेहूं की फसल आनी बंद हो गई है, परन्तु खरीद एजेंसी के द्वारा उठान का कार्य कछुए की गति से भी कम चल रहा है। उन्होंने बताया कि अब भी मंडी के अंदर 20 अप्रैल से 22 अप्रैल को एजेंसी के द्वारा खरीद किया गया गेहूं भी मंडी के अंदर पड़ा हुआ है।



### टॉपर अर्पणदीप को रोटरी क्लब ने किया सम्मानित

**गुहला-चीका।** गुहला-चीका बाहरवीं कक्षा में हरियाणा टॉप कर अपने माता पिता व गुहला का नाम रोशन करने वाले स्यो माजरा स्कूल के होनहार छात्र अर्पणदीप सिंह को उनके घर पर रोटरी क्लब चीका की तरफ से सम्मानित किया गया। रोटरी कल्ब चीका के प्रधान नरेश जैन, 2026-27 के प्रधान डॉ. सतीश मित्तल, अजय गोयल व रोबिन गर्ग ने अर्पणदीप सिंह को फूल माला पहना व मुंह मिठ्ठा करवा इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस मौके पर अर्पणदीप के पिता यादविंद्र सिंह व माता रमनदीप कौर का भी मुंह मिठ्ठा करवा बेटे की कामयाबी की बधाई दी।

### सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान 19 मई से चलाया जाएगा

**कैथल।** जिला परिषद के सीईओ सुशील कुमार ने बताया कि जिला परिषद कैथल के चेयरमैन कर्मबीर कौल व सभी पार्षदों द्वारा जिला परिषद के सभी वार्डो के सरकारी स्कूलों में 19 मई 2025 से सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें खुले में शौच मुक्त, घर-घर से कचरा इकट्ठा करने, प्लास्टिक से होने वाले नुकसान व पानी को व्यर्थ न बहाने के बारे, नशा मुक्ति बारे व लोगों में होने वाली बीमारियों के बारे में बताया जाएगा।

### भट्टी चला शराब निकालने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** अवैध शराब तस्करों पर शिकंजा कसते हुए थाना राजौंद पुलिस द्वारा अवैध शराब भट्टी चलाकर शराब निकालने वाले 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रात्रिकालीन गश्त दौरान थाना राजौंद पुलिस के एसआई ईश्वर सिंह की टीम को ईआरवी गाड़ी 398 के इंचार्ज एसआई गुरविंद्र सिंह ने सूचना दी कि गांव सेरधा निवासी कृष्ण के मकान में बीरा राम शराब निकाल रहा है, जो बीरा राम पुलिस को देखकर अवैध शराब की कैनी लेकर फरार हो गया व कृष्ण मौके पर हाजिर है। एसआई ईश्वर सिंह की टीम द्वार मौके पर पहुंचकर की गई जांच दौरान पाया कि आरोपियों द्वारा अवैध शराब की भट्टी चलाकर शराब तैयार की जा रही थी।

## जिला नगर आयुक्त ने कलायत पालिका प्रोसिडिंग बुक को होल्ड पर रखा

# नपा अधिकारियों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं मनमर्जी से स्वीकार और अस्वीकार किए प्रस्ताव

### सीएम फ्लाइंग की कार्रवाई-पार्षदों की शिकायत के कारण जांच के घेरे में पालिका अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत नगर पालिका की प्रोसिडिंग बुक में अधिकारियों पर मनमर्जी से प्रस्तावों को स्वीकार और अस्वीकार करने की उठे सवालिया निशानों के चलते यह मामला गहन जांच का विषय बन गया है। इस संबंध में करीब एक दर्जन पार्षदों द्वारा शहरी स्थानीय निकाय निदेशक, जिला नगर आयुक्त और अन्य स्तरों पर 16 अप्रैल की बैठक के संबंध में लिखी गई प्रोसिडिंग की सिरे से जांच करने की शिकायत दी गई है। इसमें इंडोर स्टेडियम का नामकरण संविधान निर्माता डा.भीम राव अंबेडकर के नाम से करने के प्रस्ताव को रद करने और बिना शीर्ष अधिकारियों की मंजूरी के भारी भरकम पुराने बिलों के प्रस्ताव को अधिकारियों द्वारा मर्जी से स्वीकार करने सहित कई गंभीर आरोप हैं। प्रकाश में आए इस मामले के उपरांत 7 मई को सीएम फ्लाइंग ने कलायत नगर पालिका



**कलायत।** वार्ड 2 में वह स्थान जिसकी सफाई पर लाखों रुपये का खर्च दर्शाया गया है।

में दस्तक दी और चार घंटे से अधिक समय तक रिकार्ड को खंगाला। उड़नदस्ते की रिपोर्ट पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जाएगी इस पर सबकी की नजरें लगी हैं। मामले को उजागर करने वाले पार्षदों का कहना है कि प्रोसिडिंग बुक की प्रामणित प्रति प्राप्त करने के बाद चौंकाने वाले पहलु सामने आए। इसके मद्देनजर पार्षदों ने एक-एक प्रस्ताव की सिरे से जांच करने की मांग उठाई। ऐसे अनेकों प्रस्ताव में जिन्हें सदन में बिना चर्चा के प्रोसिडिंग में स्वीकार कर डाला। जबकि जनहित, जनभावना और विकास कार्यों से जुड़े मामलों की अधिकारियों ने अनदेखी की।

#### नहीं दी फिलहाल मंजूरी: डीएमसी

जिला नगर आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि फिलहाल कलायत नगरपालिका की प्रोसिडिंग बुक में डाले गए प्रस्तावों को उनके कार्यालय द्वारा मंजूरी नही दी गई है। पार्षदों की शिकायत और तमाम महत्वपूर्ण पहलुओं को ध्यान में रखते हुए प्रोसिडिंग बुक से जुड़ी कार्यवाही को पूरा किया जाएगा।

#### इन पुराने खर्चों पर उठ रहे सवाल

- नगर पालिका आम चुनाव के दौरान स्ट्रोंग रूम, कंट्रोल रूम, गिनती हाल, पार्क में कैमरें लगवाने की अनुमानित लागत 95 हजार रुपए व किराया 90 हजार रुपए
- 16 मतदान केंद्रों में पेंटिंग, फिटिंग व रैंप बनवाने पर अनुमानित खर्च 98 हजार रुपए
- नगर पालिका के 16 मतदान केंद्रों व कार्यालय में कुर्सी, टैंट, साउंड सिस्टम व अन्य पर खर्च 95 हजार रुपए
- कनगर पालिका आम चुनाव के दौरान अलग-अलग पांच वार्डो में मतदान केंद्रों की मरम्मत पर खर्च 87 हजार रुपए
- नगर पालिका चुनाव के दौरान स्टेशनरी खर्च 95 हजार रुपए
- नशा मुक्ति अभियान के तहत वार्ड 2 में जेसीबी से सफाई करने पर खर्च 2 लाख रुपए।
- उक्त के अलावा अलग-अलग कार्यों पर लाखों रुपए का खर्च दशार्या जा रहा है। जबकि इस प्रकार के खर्च करने के लिए एसडीएम एवं नपा प्रशासक की तरह से अनुमति प्रदान नहीं की गई।

#### जांच करने की उठ रही मांग

पार्षदों का कहना है कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि आखिरकार जिन कार्यों के लिए एसडीएम एवं पालिका प्रशासक द्वारा कोई मंजूरी ही नहीं दी गई उन पर किस आधार पर तरह-तरह के खर्च दर्शाए गए। इतना ही नहीं शासन-प्रशासन की आंखों में धूल झोंकने के लिए इन बिलों को पास करवाने के लिए प्रोसिडिंग में प्रस्ताव पास कर दिया गया। इस प्रकार के मामलों की सीएम फ्लाइंग के साथ-साथ एंटी क्रप्शन और सरकार की अन्य जांच एजेंसियों को बिना देरी के जांच करनी चाहिए।



राजौंद। कार्यक्रम के दौरान भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## डेंगू दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

- कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों और स्टाफ को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने में सहायक
- साफ-सफाई और मच्छरों से बचाव के उपाय बताए

गांव जाखौली के आदर्श स्कूल में डेंगू दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. तेलू राम ने डेंगू के लक्षणों, प्रभावों और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तेज बुखार ,सिरदर्द, बदन दर्द, आंखों के पीछे दर्द और त्वचा पर चकत्ते डेंगू के प्रमुख लक्षण हैं। साथ ही साफ-सफाई और मच्छरों से बचाव के उपायों पर भी बल दिया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ओपी शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त करते हुए विशेष रूप से डॉ तेलू राम का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों और स्टाफ को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने में सहायक हैं। कार्यक्रम की सफलता में सभी स्टाफ सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा।

# तीन दिवसीय फ्री नशा मुक्ति कैंप प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

15 से 17 मई तक पुलिस व शाह अस्पताल कैथल के सहयोग से कलायत स्थित अंबेडकर भवन में निशुल्क नशा मुक्ति मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए मदद चाहने वाले व्यक्तियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सुविधा भी दी गई। जो वीरवार को प्रथम दिन करीब 150 व्यक्तियों द्वारा डॉक्टरों से परामर्श लेकर दवाइयां ली गई। डीएसपी ललित कुमार ने बताया कि जिला वासियों नशा मुक्त अभियान में बढ चढ कर भाग ले रहे है। बहुत सारे लोग नशे की लत से छुटकारा पाना चाहते है। जो कैंप दौरान शाह अस्पताल कैथल से डॉक्टर एमएस शाह, डॉक्टर आरिफ अब्दुला व डाक्टर संदीप की टीम द्वारा परामर्श देकर दवाईयां दी जा रही है। यह कैंप तीन दिन के लिए आयोजित किया गया है। जो 17 मई तक रेलवे रोड़ कलायत स्थित अंबेडकर भवन में दोपहर 2 से 5 बजे तक नशे की लत से छुटकारा पाने वाले इच्छुक व्यक्ति कैंप दौरान निशुल्क परामर्श उपरांत निशुल्क दवाइयां ले सकते है। डीएसपी ने बताया कि कैंप दौरान थाना कलायत एसएचओ एसआई जयभगवान, एएसआई ओमप्रकाश व एचसी सुनील की टीम कैंप में आए व्यक्तियों सहित अन्य आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताते नशा ना करने बारे जागरूक कर रही है। डीएसपी ने कहा कि नशा एक ऐसा पदार्थ है जिसके प्रयोग से मानव शरीर खोखला हो जाता है।



**कैथल।** निशुल्क नशा मुक्ति मेडिकल कैंप में पहुंच कस्बावासी।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होंगे नपा कर्मचारी, सरकार के खिलाफ नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

देश की केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और हरियाणा सर्व कर्मचारी संघ के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर नगरपालिका कर्मचारी 20 मई को एक दिवसीय हड़ताल करेंगे। इसी कड़ी में शुक्रवार को नगरपालिका पूंडरी कार्यालय में सफाई कर्मचारियों ने प्रधान बालकृष्ण के नेतृत्व में गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए प्रधान बालकृष्ण ने बताया कि 7 अगस्त 2024 को कर्मचारी संघ, ट्रेड यूनियनों और सरकार के बीच कई अहम मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन अब तक सरकार ने किसी भी वायदे को अमल में नहीं लाया है।



**पूंडरी।** नगरपालिका पूंडरी के गेट पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### जाट स्कूल में आर्ट संकाय में 478 अंक प्राप्त कर सोनिया रही प्रथम



**कैथल** ।12वीं में अव्वल रहे जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन -2025 सीनियर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने फिर परचम लहराया ।बोर्ड परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शानदार रहा। इस वर्ष परीक्षा में 108 विद्यार्थी बैठे थे ।जिनमें से 47 विद्यार्थियों ने मैरिट हासिल की ।39 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शेष सभी विद्यार्थी अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। आर्ट संकाय में सोनिया ने 478/500 अंक प्राप्त किए वाणिज्य संकाय में ज्योति ने 470 /500 अंक और मेडिकल व नॉन मेडिकल में मुस्कान शर्मा ने 427 / 500 अंक प्राप्त किए।विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। जाट शिक्षण संस्थान के अतिरिक्त उपायुक्त महोदय एवं प्रशासक दीपक बाबूलाल कारवां ने बच्चों को इस शानदार परिणाम के लिए बधाई दी और बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को पैन देकर सम्मानित किया वह मिठाई खिलाकर अपनी खुशी को जाहिर किया। प्रधानाचार्य ने छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई दी।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट पड़ रही भारी : डॉ. पवन चहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा युवा मामलों के तहत खंड सीवन के युवाओं के लिए फूड सेफ्टी एवं एडल्टरेशन जागरूकता को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सतीश मच्छाल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई कैथल तथा सुरेंद्र सिंह प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई (महिला) कैथल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय वर्ग अनुदेशक एवं खंड युवा सम्नवयक अधिकारी सीवन द्वारा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैथल पवन चहल तथा कृषि विज्ञान केंद्र कैथल से डा. नेहा शर्मा को आमंत्रित किया गया। उन्होंने युवाओं को खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान की जा सकती है। सेमिनार के दौरान डॉ.नेहा शर्मा और पवन चहल ने युवाओं के सामने खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करने के लिए कई प्रयोग किए। उन्होंने दूध, पनीर, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर और चाय पत्ती जैसे रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच को प्रयोग के माध्यम से प्रभावी तरीकों से समझाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कैसे शुद्ध और मिलावटी उत्पादों के बीच अंतर पहचाना जा सकता है। युवाओं ने इन प्रयोगों को बड़ी दिलचस्पी से देखा। अधीक्षक सोहनलाल, मीनाक्षी, वर्ग अनुदेशक सतीश सैणी आदि मौजूद रहे।



**कैथल।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. पवन चहल को सम्मानित करते प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल। फोटो : हरिभूमि

# सतर्क व सचेत रहकर करें अपने पैसे की सुरक्षा: मोदी

- इन्वेस्टमेंट के नाम पर प्रॉफिट का लालच देकर साइबर फ्रॉड बनाते है ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

तकनीक के इस युग में लगभग हर व्यक्ति कंप्यूटर अथवा मोबाइल से जुड़ा हुआ है। ऐसे में साइबर अपराधी भी अपराध करने के नये नये तरीके अपना रहे है । आए दिन लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। साइबर ठगों द्वारा सोशल मीडिया पर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है इनमे से एक इन्वेस्टमेंट के नाम पर ज्यादा प्रॉफिट का लालच देकर लोगों के साथ पैसे की ठगी करने का नया तरीका सामने आया है। एसपी आस्था मोदी ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठग विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इन्वेस्टमेंट के विज्ञापन देते है, जिसमें उनके द्वारा इन्वेस्टमेंट करने पर 500-600 प्रतिशत या बड़ा प्रॉफिट देने की बात कही जाती है। आमजन प्रॉफिट के लालच में उनके उस लिंक पर क्लिक करता है। साइबर अपराधियों द्वारा व्हाट्सएप या टेलीग्राम ग्रुप ज्वाइन करवा लिया जाता है। ठग टर्म एंड कंडीशन समझाते हुए इन्वेस्टमेंट करने के लिए कहते है। आमजन द्वारा पूंजी इन्वेस्टमेंट करने पर ठगों द्वारा मोबाइल फोन में एक एप्प भी डाउनलोड करवाया जाता है, जिसमें इन्वेस्टमेंट व प्रॉफिट संबंधी जानकारी लगातार दिखाई देती रहती है। आमजन जब प्रॉफिट की रकम को निकालने की सोचता है, वह पैसे वह निकाल नहीं पाता। इसके बाद भी साइबर ठग कहते है कि आपको प्रोफिट की रकम निकालने के लिए प्रोसेसिंग फीस व टैक्स आदि देने पडेंगे। पैसा निकालने के लिए आमजन उनके झांसे में आकर साइबर ठगों को और भी पैसा दे देता है। आमजन को बाद में पता चलता है।



एसपी आस्था मोदी

**निर्देश** | गर्भवती महिलाओं का डाटा रखें अपडेट

# लिंगानुपात में सुधार के लिए आशा वर्कर्स, एएनएम व आंगनवाड़ी वर्कर्स उठाएं ठोस कदम

- अतिरिक्त उपायुक्त ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में बैठक में दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि जिला में लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए हम सबको ठोस कदम उठाने होंगे। कुछ गांवों की वजह से गत वर्ष जिले का लिंगानुपात कम हुआ है। इन गांवों में विशेष रूप से फोकस किया जाए। इस कार्य में आशा वर्कर, एएनएम व आंगनवाड़ी वर्कर तथा संबंधित चिकित्सा अधिकारी अहम भूमिका निभाएं। गर्भवती महिलाओं का डाटा अपडेट रखें और कन्या भ्रूण जांच से संबंधित सूचना मिलने पर तुरंत प्रशासन के संज्ञान में लाएं। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में लिंगानुपात में सुधार को लेकर आशा वर्कर, एएनएम व आंगनवाड़ी वर्कर तथा चिकित्सा अधिकारियों की बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। एडीसी ने कहा कि आशा वर्कर, एएनएम व आंगनवाड़ी वर्कर सभी महिलाएं हैं, इसलिए नारी शक्ति को बचाने के लिए आपको धरातल पर अधिक मेहनत करनी होगी। आप सभी इसे डयूटी समझकर नहीं, अपितु नैतिक जिम्मेदारी समझकर कार्य करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग व महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इनके लिए एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करें। इन शिविरों में कम लिंगानुपात वाले गांवों के सरपंचों को भी बुलाएं। कोई आशा वर्कर, एएनएम व आंगनवाड़ी वर्कर गैर हाजिर न रहे, अन्यथा उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर सप्ताह आशा और एएनएम की बैठक लें और इससे संबंधित रजिस्टर भी मैनटेन रखें। पीएनडीटी के इंचार्ज गौरव पुनिया ने कहा कि अवैध लिंग जांच में संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी किसी को भी हो तो वे जिला प्रशासन के संज्ञान में जरूर लाएं।



**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा तथा उसे ईनाम स्वरूप एक लाख रुपये दिए जाएंगे। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यवाहक कार्यक्रम अधिकारी शशि बाला, जिला ड्रग कंट्रोलर चेतन वर्मा, डॉ. हरप्रीत सहित विभिन्न चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# मौसम के अनुसार फल सब्जियां खानी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

जींद रोड पर स्थित आईटीआई में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रेनू चावला के निर्देशन में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कीर्ति शर्मा की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर कीर्ति शर्मा ने बच्चों को खाद्य सुरक्षा पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि हमें मौसम के अनुसार फल व सब्जियां खानी चाहिए, हमें जंक फूड व पैकेट फूड से बचना चाहिए। ऐसे भोजन जल्दी नहीं पचते और शरीर के लिए हानिकारक होते हैं। हमेशा आयरन युक्त व कैल्शियम युक्त भोजन को अलग-अलग समय पर खाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### जाट स्कूलः शासकीय कमेटी का चुनाव एक को

**कैथल।** अतिरिक्त उपायुक्त कम प्रशासक जाट हाई स्कूल सोसाइटी दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि जाट हाई स्कूल सोसाइटी के शासकीय निकाय गठन के लिए एक जून को चुनाव होगा। 12 व 13 मई को नामांकन लिए थे। कुल 20 नामांकन मिले। जिनमें प्रधान, उप-प्रधान, महासचिव तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए दो-दो व कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 12 नामांकन मिले। नामांकन पत्रों की जांच 14 व 15 मई को की गई। कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार का नामांकन उनके द्वारा दिए गए चेक के बाउंस होने के कारण रद्द कर दिया गया। अब इसमें 19 नामांकन पत्र सही पाए गए।

### टॉवर लगवाने के नाम पर 148740 रुपये ठगे

**कैथल ।** साइबर क्राइम कैथल पुलिस ने मोबाइल टावर लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति से 148740 की धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया है। सीवन के हरीश कुमार ने बताया कि 21 अप्रैल 2025 को उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि वह एटीसी टावर कंपनी का कर्मचारी है। यदि आप टावर लगवाना चाहते हैं तो इससे आपको किराए के रूप में अच्छा मुनाफा होगा। आरोपी ने उसे बातों में लेकर अलग-अलग बहाने बनाकर उसे 148740 की राशि अपने खाते में जमा करवा ली। बाद में उसे पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। मामले के जांच अधिकारी एएसआई जसबीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्वास्थ्य अभियानों से डेंगू के मामलों में जींद को राहत

# 2025 में डेंगू का कोई केस नहीं पिछले साल आए थे 141 केस

स्वास्थ्य विभाग विभिन्न संगठनों के सहयोग से शहर और गांवों में कोरोना के खिलाफ चला रहा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विश्व डेंगू दिवस के अवसर पर शुक्रवार को स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सामाजिक संगठनों के साथ मिल कर शहर की विभिन्न कालोनियों में जागरूकता अभियान चलाया गया। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा आमजन को व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया के लक्षणों, बचाव के तौर तरीकों, नियंत्रण के उपाय आदि के बारे मे विस्तार से बताते हुए जागरूक किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियो ने जहां स्कूलों व कालोनियों में नुक्कड़ बैठके कर जागरूकता अभियान चलाया वहीं पर घर-घर भी जाकर कूलर, हौदी, पानी की टंकी आदि की जांच की और लोगों को डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



जींद। डेंगू को लेकर जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### समय-समय पर कर रहे जागरूक

जागरूकता अभियान का निरिक्षण करते हुए जिला के वरिष्ट स्वास्थ्य निरिक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा समय से लोगों को जागरूक करने के कारण इस वर्ष लोगों को डेंगू से राहत मिली हुई है। जबकि पिछले वर्षों में जिला जींद में गत वर्ष 2021 में 622, वर्ष 2022 में 535, 2023 में 340 तथा 2024 में 141 डेंगू के मामले सामने आए थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि थोड़ी सी सावधानी करके अपने घर तथा आसपास की सफाई करते हुए गड्ढों, खाली पड़े टायरों व गमलों में गंदा पानी खड़ा न होने दें तो इस भयंकर बीमारी से लोगो को बचाया जा सकता है।

#### यह हैं डेंगू के लक्षण

यदि तीव्र बुखार, सिर के अगले हिस्से में तेज दर्द, आंख के पिछले भाग में दर्द, भूख कम लगना, मांसपेशियों एवं जोडों में दर्द, शरीर पर खसरे जैसे दाने निकलना व उल्टी आना तथा जी मचलने पर मरीज को तुरंत अपने आसपास के स्वास्थ्य केंद्र या स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पास ले जाकर खून की जांच करवानी चाहिए। अभियान में मुख्य रूप से स्वास्थ्य कर्मी देवेंद्र, गुरनाम, दिनेश, ओमप्रकाश, अमरजीत, विनोद, राजरानी, सीता देवी, पूनम, दर्शना, अंजू, सुमन, राधा, उर्मिला, सविता, अश्मीना, सोनिया, शीला, मंजू, मुकेश, नीलम, रानी व आरती शामिल रहे।



#### स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न स्कूलों, उप स्वास्थ्य केंद्रों व पीएचसी में मनाया विश्व डेंगू दिवस



अलेवा। हसनपुर गांव के आरोही माडल स्कूल में बच्चों को जागरूक करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

**अलेवा।** नगूरां पीएचसी की टीम ने विश्व डेंगू दिवस के अवसर पर नगूरां गांव के सभी सरकारी व निजी स्कूलों के अलावा उप स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केंद्रों, ईंट भटठों, मंदिर, चौपालों पर लोगों को डेंगू रोग के प्रति जागरूक करते हुए हसनपुर तथा दिल्लूवाला गांव में बच्चों ने रैली निकाली। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों ने दूर रखनी है यदि ये बीमारी तो निभांनी होगी सबको अपनी जिम्मेदारी नामक स्लोगनों से लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा, पुष्पावती ने की। लोगों तथा विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने कहा कि डेंगू व चिकन गुनिया एडिज मच्छर से फैलता है। यह मच्छर दिन में काटता है व रूके हुए साफ पानी में पनपता है। इसलिए प्रत्येक रविवार को अपने घर में सूखा दिवस मनाएं और सभी पानी के बर्तन, होदी, कूलर, टंकी, फ्रीज की ट्रे और छतों पर पड़े कबाड़ की सफाई करे। यहीं नहीं डेंगू में तेज बुखार, शरीर पर लाल चकते, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द और गंभीर मामलों में खून की उल्टी भी आ सकती है। रात के सोते समय पूरी बाजू के कपड़े और मच्छर नाशक क्रीम का प्रयोग करें। इस अवसर पर कर्मचारी कुलदीप, अनिल, सुभाष के अलावा एएनएम अनिता, हरिता, मिनाक्षी, सीएचओ सुनील कुमार व सभी आशा वर्करों ने भाग लिया।

## मूल्यांकन कर स्वच्छता के लिए बनाएं योजना



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र। फोटो :हरिभूमि

- स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन ने किया जिला स्तरीय स्वच्छता कार्यशाला को किया संबोधित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने शुक्रवार को स्थानीय डीआरडीए के सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण व शहरी) के तहत ग्राम सचिवों के लिए आयोजित जिला स्तरीय स्वच्छता कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास में ग्राम सचिवों की बहुत जिम्मेदारियां होती हैं। स्वच्छता भी ग्राम विकास का एक हिस्सा है। इसलिए स्वच्छता को धरातल पर लागू करने के लिए ग्राम पंचायतों से सीधे तौर पर जुड़े कर्मी अपनी सरकारी डयूटी के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी समझकर गांव की स्वच्छता का मूल्यांकन कर कार्य करें। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद अनिल कुमार दून विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री का उद्देश्य हरियाणा के साथ साथ पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाना है। इसी क्रम को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सब की है। भारत मिशन एक विशेष अवधी का न होकर निरंतर चलने वाला अभियान है। इसमें सभी संबंधित विभाग व्यापक कार्ययोजना के साथ और बेहतर कार्य करें ताकि हमारा जिला और प्रदेश स्वच्छता की रैंकिंग मामले में प्रमुख जिलों में शामिल होते हुए स्वच्छ और सुंदर जिला बने। इसके लिए हमें स्वच्छ भारत मिशन को आमजन की भागीदारी के साथ जनआंदोलन बनाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में स्वच्छता कमेटियों का गठन किया जाए। जिसमें सरपंच, पूर्व सरपंच, धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं, गांव के गणमान्य व्यक्ति और खिलाडिय़ों को शामिल करें। उन्होंने कहा कि गांव का मुख्य द्वार गांव की पहचान होता है। इसलिए वहीं से स्वच्छता की शुरूआत करें। गांव में पेड़ पौधे लगाएं, ट्री गार्ड लगाएं व बैठने के लिए शैड बनाए जाएं। गांव की फिरनी पर भी स्वच्छता बनाए रखें। यदि गौरव पट्ट की स्थिति ठीक नहीं है तो उसे भी दुरुस्त करवाएं। ग्राम सचिव अपने गांवों में स्वच्छता का निरंतर मूल्यांकन करें और कमियों को कमेटी के माध्यम से दूर करवाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम सचिवों को अपने गांवों में स्वच्छता के लिए नोडल अधिकारी बनाया जाएगा।

## शीतल मिस पर्सनलिटी, मुस्कान मिस इव व श्वेता फेयरवेल चुनी

- प्राचार्य बोले, बेटियां हमारे कॉलेज की शान आगे बढ़ाना हमारा लक्ष्य, दी विदाई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना में स्नातक स्तर की विदाई समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने रिबन काटकर किया। प्राचार्या ने कहा कि बेटियां हमारे कॉलेज की शान है। कॉलेज का लक्ष्य छात्राओं को आगे बढने के लिए प्रोत्साहित करना है। आज हमारी छात्राएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। मंच संचालन बी ए फाइनल की छात्रा शीतलए आरती व बीकॉम की छात्रा खुशबू ने किया। इस दौरान बच्चों ने बहुत से गेम्स का आनंद लिया और सोलो डांस व ग्रुप डांस कर अपनी प्रतिभा दिखाई। विदाई समारोह में मिस पर्सनालिटी शीतल मिस इव मुस्कान मिस फेयरवेल श्वेता को चुना गया। इसके लिए रैंप वॉकए प्रश्न डांस राउंड रखे गए। फाइनल ईयर की छात्राओं ने सभी प्रवक्ताओं को गिफ्ट व टाइटल देकर सम्मानित किया। फाइनल की छात्राओं ने म्यूजिकल चेयर गेम में भाग लिया जिसमें गरिमा ने प्रथम स्थान हासिल किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अनुशासित रहते हुए परिश्रम करने का पाठ पढ़ाया।



नरवाना। कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

## पीएमएवाई-जी 2.0 में जिला के 29606 परिवार पंजीकृतः डीसी

- नरवाना में सबसे अधिक 5555 जुलाना में सबसे कम 2471 पात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। बैठक लेते डीसी मोहम्मद इमरान रज्जा।

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0 के तहत जिला में विशेष पंजीकरण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 29606 परिवार पंजीकृत हो चुके हैं। संबंधित बीडीपीओ द्वारा सभी परिवारों योग्यता की जांच की जाएगी ताकि लाभार्थियों को पीएमएवाई-जी 2.0 का लाभ अविलम्ब तरीके से मुहैया करवाया जा सके। डीसी मोहम्मद इमरान रजा शुक्रवार को अधिकारियों को निर्देश दिए। इससे पहले मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अब तक 3217 को पहली किस्त दी जा चुकी है और 455 परिवारों को दूसरी किस्त जारी की जा चुकी है। इस योजना के दूसरे चरण में 29606 परिवारों ने अपना पंजीकरण करवाया है। इनमें से खंड अलेवा में 2748, जींद में 4820, जुलाना में 2471, नरवाना 5555, पिल्लूखेड़ा में 2319, सफीदों में 4283, उचाना में 4457 तथा उझाना में 2953 परिवारों ने पंजीकरण करवाया है।

## समाज में जागृति से ही गो-माता का संरक्षण और संवर्धन संभव

- सरस्वती स्कूल नगूरां में गो विज्ञान पर आधारित 149 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा



अलेवा। नगूरां गांव के सरस्वती पब्लिक स्कूल में गौ विज्ञान पर आधारित विषय पर परीक्षा देते बच्चे।

नगूरां गांव के सरस्वती पब्लिक स्कूल में गौ विज्ञान पर आधारित परीक्षा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला गौ सेवा संयोजक मा. राजवीर ने की तथा कार्यक्रम का आयोजन खंड गौ विज्ञान परीक्षा प्रमुख कुलदीप दलाल के मार्गदर्शन में हुआ। इस परीक्षा में 149 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें 100 विद्यार्थियों एवं 49 व्यवसायियों ने परीक्षा दी।

जिला गौ सेवा संयोजक मा. राजवीर ने गौ विज्ञान परीक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि गाय के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना को बढाने तथा गौ पालन को प्रोत्साहित करने के लिए इस प्रकार की परीक्षाएं पूरे जिले भर में आयोजित की जाएगी।

इन परीक्षाओं से नई पीढी एवं समाज को गौ माता से जुड़े वैज्ञानिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं अध्यात्मिक पक्ष के बारे में जानकारी मिलेगी। यही नहीं इस जागृति से गौ माता के संरक्षण एवं संवर्धन में सहायता मिलेगी और समाज में जारूकता आएगी।

## नपा के कुछ हताश पार्षद राजनीति के चलते लगा रहे मनगढंत आरोप

- चेयरपर्सन डॉ. रेखा रानी ने अपने पर लगे आरोपों को नकारा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



गुहला-चीका। चीका नगरपालिका की चेयरपर्सन डाक्टर रेखा रानी पत्रकारों से बातचीत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

कुछ पार्षद राजनीति से प्रेरित होकर उनके ऊपर शहर का विकास न करने के बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि वे स्वयं अपने वार्डों में विकास करवाना ही नहीं चाहते और अपने वार्ड के लोगों को ही गुमराह कर रहे हैं। नपा चेयरपर्सन डाक्टर रेखा रानी ने शुक्रवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए लगाए। उन्होंने कुछ पार्षदों के उन आरोपों को भी सिरे से नकार दिया। जिसमें आरोप लगाए गए थे कि शहर में न तो विकास कार्य चल रहे हैं और न ही वे हाउस की मीटिंग ही बुलाती हैं। सच्चाई यह है कि शहर में नियमित विकास हो रहा है। जिनका प्रस्ताव पार्षदों की सहमति के बाद ही डाला गया है। पिछले बजट में 17 करोड़ रुपये के विकास कार्य रखे गए थे, जिनमें से 10 करोड़ रुपयों के विकास कार्य वर्तमान में चल रहे हैं करोड़ के विकास कार्य प्रोसेसिंग में हैं। जल्द ही टेंडर लगवाकर शुरू करवाएंगे। अभी दो-दो बार मीटिंग बुलाई। विकास का बजट पास होना था, कुछ पार्षदों ने बायकाट कर विकास रोकने का प्रयास किया।

### जाट धर्मशाला कुरूक्षेत्र में बिणेन खाप रखेगी अहम सामाजिक मुद्दे : रघुवीर नैन



रघुवीर नैन।

**नरवाना।** रविवार को कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में एक बड़ी महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे हरियाणा के सभी खापे व सामाजिक संगठन शामिल होंगे और सामाजिक मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे। सर्वजातीय बिनैन खाप के प्रवक्ता संदीप हरियाणा ने जानकारी देते हुए कहा की सर्वजातीय बिनैन खाप भी इसमें भाग लेगी और सर्वजातीय बिनैन खाप व सर्वखापों के राष्ट्रीय प्रधान आदरणीय रघुबीर नैन खाप की और से इस महापंचायत में सामाजिक मुद्दों को लेकर अपनी बात रखेंगे प्रवक्ता संदीप हरियाणा ने बताया की प्रधान रघुबीर नैन की अध्यक्षता में खाप के तीनों तपो के पदाधिकारी इस महापंचायत में पहुंचेंगे।

प्रधान रघुबीर नैन समाज को गंदा करने वाले अहम तीन कानूनों के खिलाफ अपनी बात रखेंगे जिसमे सबसे पहले आज जो समाज में फैली है सबसे बड़ी बीमारी समलैंगिकता जो पशु भी इस कार्य को नहीं करते और दूसरा मुद्दा लिवरिलेशन होगा जिसमे आज कल बच्चे शादी किसी से करते है और रहते किसी और के साथ है जिससे समाज पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। और और तीसरा मुद्दा होगा की जो माँ बाप अपने बच्चों को नौ महीने पेट में पाल कर और खून पसीने की कमाई लगा उसका पालन पोषण कर हर समय उसका ख्याल रखता है तो वो माँ बाप बच्चे का कभी बुरा नहीं सोचता लेकिन बच्चे फिर भी अपने माँ बाप को दुश्मन मान कर लव मैरिज कर लेते है इसलिए प्रवक्ता संदीप हरियाणा ने कहा की की हमारे प्रधान रघुबीर नैन लव मैरिज के खिलाफ नहीं है वल्की लव मैरिज में माँ और बाप की सहमति हो। इन बातो को लेकर सर्वजातीय बिनैन खाप बड़े जोर शोर से अपना मुद्दा कुरुक्षेत्र की पंचयात में रखेगी।

## कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए देश की पहली लाडो पंचायत की हुई वीसी

- प्रसव पूर्व जांच कैंप आयोजित जांची गर्भवती महिलाओं की सेहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। ऑनलाइन बैठक में भाग लेते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

आयुष्मान युष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केंद्र खोखरी के तहत गांव बोहतवाला में कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए देश की पहली लाडो पंचायत के तहत वीसी से बैठक का आयोजन किया गया। इस कैंप का आयोजन सीएचओ डा. रामकेश की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में एएनएम सीमा रानी व एमपीएचडब्ल्यू अनीता, सौरभ, आशा वर्करों व आंगनबाड़ी वर्करों ने ग्राम पंचायत के सहयोग से किया। साथ ही प्रसव पूर्व जांच कैंप का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई व उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों को कन्या भ्रूण हत्या को रोकने की शपथ दिलाई। ग्रामीणों को समझाया गया कि बेटियां देश का भविष्य हैं। आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नही हैं। बेटियां आज सेना में भी भागीदारी करके देश सेवा में अपना योगदान दे रही हैं। पहले जमाने में बेटियों को घृणा की दृष्टि से देखा जाता था। बेटों को अलग से खाने-पीने के लिए दिया जाता था। जबकि बेटियों को रूखा-सूखा खाने को दिया जाता था।

## नपा कर्मियों की क्रमिक भूख हड़ताल जनविरोधी नीतियों पर सरकार को घेरा

- वादाखिलाफी कर उदारीकरण की नीतियां अपना रही सरकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




कैथल। क्रमिक भूख हड़ताल करते नपा कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कैथल के पद अधिकारियों ने ब्लॉक प्रधान महेंद्र बिड़लान की अध्यक्षता में की क्रमिक भूख हड़ताल पर ब्लॉक प्रधान महेंद्र बिड़लान, सचिव विक्की टाँक ,वरिष्ठ उपप्रधान राज कुमार मंचल, रवि कल्याण ,राजेन्द्र सिणंद व विघा दवी देवी बैठे। संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टाँक ने किया। मास्टर रामपाल शर्मा, नप के कार्यकारी अधिकारी दीपक कुमार व लेखाकार साहब राम ने जूस पिलाकर भूख हड़ताल खत्म करवाई। प्रदर्शन मे कर्मचारियो को सम्बोधित करते हुए राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला प्रधान शिवचरण, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा व संघ के राज्य उपप्रधान राजेन्द्र सिन्नद ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार जन विरोधी आर्थिक उदारीकरण की नीतिया तेजी से लागू कर रही है। जिससे महंगाई व बेरोजगारी बढ़ रही है। इस रोकने की बजाय सरकार धर्म व जाति का उन्माद फैला रही है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए जाएंगे पौधे

# शहर को हरा-भरा बनाएगा जनस्वास्थ्य विभाग

- योजना के तहत स्वयं सहायता समूह को अनुदान पर मिलेंगे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी।

शहर को हरा-भरा बनाने के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग शहरी आजीवीका मिशन के तहत योजना पर कार्य कर रहा है। यह कार्य एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया जाएगा। शहरभर में एक बड़े पौधरोपण अभियान की शुरूआत की जाएगी। यह पहल न केवल शहर को सुंदर और हरा-भरा बनााएगा बल्कि इससे प्रदूषण में कमी, तापमान नियंत्रण और जैव विविधता को बढावा भी मिलेगा। साथ ही शहरी ऊष्मा द्वीप प्रभाव जैसी समस्याओं से भी राहत मिलने की उम्मीद है।

शुक्रवार को विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू की गई इस पहल के तहत अमृत 2.0 मिशन के अंतर्गत पौधरोपण किया जाएगा। अभियान में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की अहम भूमिका होगी। विभाग की योजना है कि ये महिलाएं न केवल पौधे लगाएंगी बल्कि उनकी देखभाल का जिम्मा भी निभाएंगी। इसके लिए उन्हें उचित मेहनताना दिया जाएगाए जिससे उन्हें आर्थिक लाभ भी होगा। विभाग ने यह सुनिश्चित किया है कि हर पौधा पेड़ बने।

#### विभाग की जमीन से होगी शुरूआत

पौधरोपण कर के शहर को हरा-भरा बनाने की शुरूआत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अपनी जमीन से करेगा। इसके लिए विभाग पहले अपने ट्यूबवेल, जलघर, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट व सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से करेगा। इसके बाद सार्वजनिक जगह, वन विभाग की जमीन, स्कूल व पार्क जहां भी जगह मिलेगी, पौधरोपण करेगा। यह पौधरोपण ऐसे स्थानों पर होगा जहां पौधों के लिए पानी की उपलब्धता हों।

**शहर को हरा भरा बनाने का है लक्ष्यः** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि यह केवल सरकारी अभियान मात्र नही है बल्कि शहर को हरा-भरा बनाना है। इस अभियान में जींद, जुलाना, उचाना, नरवाना व सफीदो को हरा भरा बनाया जाएगा।